## संपादकीय

# जयशंकर चुप ही रहे

पड़ोसी देशों का भारत से रिश्ता वहां के किसी एक राजनीतिक खेमे पर इतना निर्भर क्यों है? इसका आधार पूरे सियासी दायरे में क्यों नहीं है? फिर उन देशों में भारत विरोधी भावनाओं के लिए खुद भारत के सत्ताधारी नेता कितने जिम्मेदार हैं?

विदेश नीति के मोर्चे पर भारत को गहरे आत्म-निरीक्षण की जरूरत है, लेकिन वर्तमान सरकार से इसकी अपेक्षा निराधार है। इस सरकार की पहचान प्रतिकूल स्थितियों में अनुकूलता के तत्व गढने) की रही है। यही संकेत फिर मिला, जब विदेश मंत्री एस. जयशंकर वॉशिंगटन स्थित एशिया सोसायटी के संवाद में शामिल हुए। वैसे उनसे यह सुनना कर्णप्रिय लगा कि पड़ोसी देशों की अंदरूनी घटनाएं भारत की इच्छा के मुताबिक घटे, ऐसी अपेक्षा भारत नहीं रखता। संदर्भ लगभग दो महीने पहले बांग्लादेश में हुए सत्ता पलट और इसी हफ्ते श्रीलंका में आए चुनाव नतीजों का था। पांच अगस्त को शेख हसीना के देश छोडने पर मजबूर होने के बाद से बांग्लादेश में भारत विरोधी भावनाएं ऊफान पर हैं। इधर समझा जाता है कि श्रीलंका के नए राष्ट्रपति अनूरा कुमार दिसानायके और उनकी पार्टी जनता विमुक्ति पेरामुना परंपरागत रूप से भारत विरोधी रही हैं। मतलब यह कि दो महीनों के अंदर दो पड़ोसी देशों में भारतीय विदेश नीति के लिए नई चुनौतियां पैदा हुई हैं। आत्म-निरीक्षण का विषय यह होना चाहिए कि आखिर पड़ोसी देशों का भारत से रिश्ता वहां के किसी एक राजनीतिक खेमे पर इतना निर्भर क्यों है? इसका आधार पूरे सियासी दायरे में व्यापकता लिए क्यों नहीं है?

आत्म-निरीक्षण का दूसरा विषय है कि उन देशों में भारत विरोधी भावनाओं के लिए खुद भारत के सत्ताधारी नेता कितने जिम्मेदार हैं? अभी हाल में गृह मंत्री अमित शाह झारखंड में चुनाव प्रचार में गए, तो वहां उन्होंने बांग्लादेशियों के बारे में कुछ ऐसा कहा, जिससे बांग्लादेश में भारत विरोधी भावनाएं फिर भडक़ उठीं। शाह पहले भी बांग्लादेशियों के लिए दीमक जैसे शब्द बोल चुके हैं। इसी तरह तमिलनाडु में चुनाव के मौके पर प्रधानमंत्री ने कच्चतिवू द्वीप का मसला जोरशोर से उठाया था, जिसको लेकर श्रीलंका में तीखी प्रतिक्रिया हुई थी। विडंबना यह है कि चुनाव के बाद कच्चतिवू के सवाल को भुला दिया गया। सत्ता के शिखर पर बैठे नेता जब चुनावी गणना के मुताबिक दूसरे देशों से संबंधित मुद्दे गरमाते हैं, तो क्या उन्हें इसके उन देशों में संभावित असर का ख्याल नहीं रहता? ऐसे बिंदुओं पर जयशंकर चुप ही रहे।

# गोदरेज ग्रुप ने रणनीतिक अधिग्रहण के साथ भारत के लॉजिस्टिक्स ग्रोथ को दी गति

**बेंगलुरु**

गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का हिस्सा गोदरेज एंड बॉयस के स्टोरेज सॉल्यूशंस व्यवसाय ने बेंगलुरु स्थित स्टोरेज शेल्विंग सिस्टम्स और मेजेनाइन स्ट्रक्चर्स के निर्माता आर्मेस मैनी के अधिग्रहण की घोषणा की। भारत के तेजी से विकसित हो रहे लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग सेक्टर का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, बिजनेस ने रणनीतिक कदम के साथ अपनी उत्पादन क्षमता में काफी वृद्धि की है। इस अधिग्रहण में बेंगलुरु के बाहरी इलाके में स्थित एक अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा शामिल है, जिसकी क्षमता 150,000 वर्ग फीट में फैली हुई है और इसकी उत्पादन क्षमता 20,000 टन प्रति वर्ष है।

अत्याधुनिक तकनीक और बुनियादी ढांचे से लैस, यह



फैसिलिटी शेल्विंग सोल्यूशंस की क्षमता में लगभग 35त्न की वृद्धि करेगी, जो बदलते उपभोग रुझानों द्वारा संचालित कुशल और स्केलेबल स्टोरेज समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह कदम ऐसे महत्वपूर्ण समय में उठाया गया है, जब लॉजिस्टिक्स उद्योग में अभूतपूर्व वृद्धि हासिल कर रहा है, जो कि विकसित हो रहे उपभोग पैटर्न और क्विक कॉमर्शल प्लैटफॉर्म्स के तेजी से विस्तार से प्रेरित है।

गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के कार्यकारी उपाध्यक्ष और बिजनेस हेड, स्टोरेज सॉल्यूशंस, विकास चौदाहा ने कहा, 'मौजूदा समय में केवल 40त्न वेयरहाउसिंग फैसिलिटीज ग्रेड ए के रूप में वर्गीकृत हैं, जिससे भारत के वेयरहाउसिंग बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता और दक्षता में सुधार करने के लिए टिकाऊ, अत्याधुनिक समाधानों की तत्काल आवश्यकता है। हम अपने देश के बढ़ते लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग सेक्टर की बदलती जरूरतों को अच्छी तरह समझते हैं, और अपनी क्षमताओं का विस्तार करते हुए हम भारत के बुनियादी ढांचे के विकास में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं।

भारत के स्टोरेज सोल्युशंस बिजनेस में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में, 30त्न से अधिक बाजार हिस्सेदारी के साथ, यह रणनीतिक अधिग्रहण राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और भी मजबूत करता है। हमारी बढ़ी हुई क्षमता हमें ई-कॉमर्स और क्विक कॉर्मस जैसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों की बढ़ती मांगों को पूरा करने और एडवांस वेयरहाउसिंग सोल्युशंस की मांग को पूरा करने में हमें सक्षम बनाएगा।'

आर्मेस मैनी का रणनीतिक अधिग्रहण स्टोरेज सॉल्यूशन बिजनेस की मार्केट डॉमिनेंस (बाजार प्रभुत्व) को मजबूत करता है और भारत में उद्योग की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए व्यवसाय के सक्रिय दृष्टिकोण को दर्शाता है। गोदरेज एंड बॉयस ने हाल ही में चेन्नई में 90,000 टन प्रति वर्ष क्षमता वाली एक और विनिर्माण सुविधा (मैन्यूफैक्चरिंग फैसिलिटी) स्थापित करके अपने पदचिह्नों का विस्तार किया है। उत्पादन क्षमताओं का विस्तार करते हुए टिकाऊ, कटिंग एज सॉल्युशंस पर ध्यान केंद्रित कर, गोदरेज एंड बॉयस विकसित भारत 2047 विजन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए अच्छी स्थिति में है।

## पर्सनल डेटा संरक्षण कानून का उल्लंघन कर रहा टिकटॉक, होगी जांच : दक्षिण कोरिया

**सोल**

दक्षिण कोरिया का मीडिया नियामक देश के पर्सनल डेटा संरक्षण कानून के उल्लंघन को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिकटॉक की जांच करने जा रहा है। नियामक के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

टिकटॉक कोरियाई कानून का उल्लंघन कर रहा है। टिकटॉक पर आरोप है कि कंपनी यूजर्स को स्वचालित विज्ञापन प्राप्त करने के लिए बाध्य करती है। कोरियाई कानून के तहत इस तरह की सामग्री के लिए किसी भी कंपनी को यूजर्स की सहमति लेना अनिवार्य है।

कोरियाई अधिकारी ने कहा कि कोरिया संचार आयोग (केसीसी) को संदेह है कि टिकटॉक सूचना और संचार नेटवर्क उपयोग और डेटा संरक्षण के संवर्धन अधिनियम का उल्लंघन कर रहा है। जल्द ही वीडियो शेयरिंग प्लेटफॉर्म की जांच शुरू की जाएगी। अधिकारी ने कहा, हमारा मानना है कि टिकटॉक की सेवा शर्तों और यूजर्स से स्पष्ट सहमति प्राप्त करने को लेकर किसी तरह की परेशानी है।

चीनी कंपनी बाइटडांस के स्वामित्व वाली कंपनी टिकटॉक पर भी कोरियाई एजेंसियों को संदेह है कि कंपनी प्लेटफॉर्म से जुडऩे वाले यूजर्स को अपनी सेवा की शर्तों और गोपनीयता नीति को लेकर पूरी सामग्री साझा नहीं करती है।

संबंधित कानून के तहत, कंपनियों को यूजर्स को यह निर्णय लेने की स्वतंत्रता देनी होगी कि वे विज्ञापन प्राप्त करना चाहते हैं या नहीं। किसी भी यूजर को ऐसी सामग्री भेजने से पहले यूजर की स्पष्ट सहमति जरूरी है।

कानून का उल्लंघन करने वालों पर 30 मिलियन वॉन (22,279 डॉलर) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

पिछले महीने नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण ने देश के इंटरनेट और मोबाइल सेवा प्रदाताओं को शॉर्ट-वीडियो ऐप पर कैबिनेट के फैसले के अनुरूप टिकटॉक पर प्रतिबंध हटाने का निर्देश दिया था। 22 अगस्त को नेपाल की कैबिनेट ने टिकटॉक पर प्रतिबंध हटाने का फैसला किया। टिकटॉक पर यह प्रतिबंध पिछले साल नवंबर में लगाया गया था।

## भारतीय क्रिकेटर अक्षर पटेल बनने जा रहे हैं पिता

### प्रशंसकों के साथ साझा की खुशखबरी

**नईदिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के प्रमुख ऑलराउंडर अक्षर पटेल पिता बनने वाले हैं।उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए ये खुशखबरी अपने प्रशंसकों के साथ साझा की है।बतातें कि वह पहली बार पिता बनने जा रहे हैं। उन्होंने पिछले साल जनवरी में मेहा पटेल के साथ गुजरात के वड़ोदरा में शादी की थी। उनकी पत्नी मेहा डायटीशियन और न्यूट्रिशनिस्ट हैं।

अक्षर ने इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, एक बहुत बड़ी खुशखबरी आने वाली है .इस पोस्ट के बाद से उन्हें बधाइयां दी जा रही हैं।बतातें चलें कि अक्षर हाल ही में कपिल शर्मा शो में कप्तान रोहित शर्मा, शिवम दूबे, सूर्यकुमार यादव और अर्शदीप सिंह के साथ नजर आए थे।उन्होंने उस कॉमडी शो में मजाकिया अंदाज में संकेत दिया था कि उनके और उनकी पत्नी के लिए कुछ अच्छी खबर आने वाली है।

अक्षर हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ सम्पन्न हुई टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का हिस्सा थे, लेकिन उन्होंने एक भी मैच में मौका नहीं मिला था।उन्होंने 14 टेस्ट में 35.88 की औसत से 646 रन और गेंदबाजी में 55 विकेट लिए हैं।

## पहली छमाही में वाहनों की खुदरा बिक्री 6.5 प्रतिशत बढ़ी, ग्रामीण मांग बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली**

देश में वाहनों की खुदरा बिक्री सितंबर में कमजोर रहने के बावजूद मौजूदा वित्त वर्ष के पहले छह महीने में इसमें 6.55 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। मजबूत ग्रामीण मांग के कारण यह संभव हो सका है।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि इस साल सितंबर में वाहनों की ओवरऑल बिक्री पिछले साल के समान महीने की तुलना में 9.26 फीसदी कम रही। सितंबर 2023 में देश में 18,99,192



वाहन बिके थे जबकि सितंबर 2024 में यह संख्या 17,23,330 इकाई रही। इसमें यात्री वाहनों में 18.81 फीसदी, वाणिज्यिक वाहनों में 10.45 फीसदी और दोपहिया वाहनों में 8.51 फीसदी की गिरावट शामिल है। अप्रैल-सितंबर की अवधि में दोपहिया वाहनों की बिक्री में 9.08 प्रतिशत, तिपहिया में 7.58 प्रतिशत और यात्री वाहनों (पीवी) में 1.07 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। हालांकि, वाणिज्यिक वाहनों (सीवी) और ट्रैक्टरों की बिक्री में क्रमश: 0.65 प्रतिशत और 8.82 प्रतिशत की गिरावट आई।

फाडा के अध्यक्ष सी.एस. विग्नेश्वर के अनुसार, पितृपक्ष ने बिक्री को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया, जिससे विभिन्न श्रेणियों में खुदरा बिक्री में साल-दर-साल गिरावट आई। उन्होंने कहा, मांग बढ़ाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में छूट और ऑफर पेश किए गए हैं, लेकिन इनसे बिक्री में अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ है।

मानसून के दौरान सामान्य से आठ प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई, जिससे कई क्षेत्रों में वाहनों की खुदरा बिक्री प्रभावित हुई। इसका मांग पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। फाडा के अनुसार, ऑटोमोबाइल के खुदरा कारोबार के लिए निकट भविष्य अच्छा है, क्योंकि नवरात्र और दिवाली दोनों एक ही महीने में पड़ते हैं, जिससे वाहनों की बिक्री में तेजी की उम्मीद है।

जलाशयों में जलस्तर अच्छा रहने और फसल की पैदावार में सुधार होने से ग्रामीण मांग को समर्थन मिलने के कारण, त्योहारी सीजन में दोपहिया, यात्री वाहनों, और ट्रैक्टरों की बिक्री में वृद्धि होने की उम्मीद है।

## टेस्ट क्रिकेट: जानिए कब-कब भारतीय बल्लेबाजों ने 10वें विकेट के लिए शतकीय साझेदारियां की

**नईदिल्ली**

टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में बल्लेबाजी में कई अविश्वसनीय पारियां देखने को मिली हैं।आम तौर पर निचले क्रम के बल्लेबाजों से बड़ी पारी की उम्मीद कम ही होती है। हालांकि, कुछ मैचों में आखिरी नंबर पर बल्लेबाजी करने आए खिलाडिय़ों ने धैर्य की अद्भुत मिसाल पेश की है।इस बीच टेस्ट क्रिकेट में 10वें विकेट के लिए भारत की ओर से शतकीय साझेदारी करने वाली जोडिय़ों के बारे में जानते हैं।

साल 2004 में बांग्लादेश के खिलाफ भारत ने पारी और 140 रन से जीत दर्ज की थी।ढाका में हुए उस मैच में भारत से सचिन तेंदुलकर और जहीर खान ने 10वें विकेट के लिए 133 रन की साझेदारी की थी।तेंदुलकर ने नाबाद 248 रन बनाए और जहीर 75 रन बनाकर आउट हुए थे।भारत ने पहली पारी 526 के स्कोर पर घोषित की थी। बांग्लादेश ने अपनी दोनों पारियों में क्रमश: 184 और 202 के स्कोर किए थे।

साल 2014 में नॉटिंघम में भुवनेश्वर कुमार और मोहम्मद शमी ने इंग्लैंड के खिलाफ 10वें विकेट के लिए 111 रन जोड़े और उनकी साझेदारी की बदौलत भारत ने पहली पारी में 457 रन बनाए थे।उस मुकाबले में भुवनेश्वर (58) और शमी (51*) ने अर्धशतक लगाए थे। जवाब में इंग्लैंड ने सभी विकेट खोकर 496 रन बनाए थे।इसके बाद भारत ने अपनी दूसरी पारी 391/9 के स्कोर पर घोषित की और मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ था।

भारत की ओर से हेमू अधिकारी और गुलाम अहमद की जोड़ी ने पाकिस्तान के खिलाफ 1952 में खेले गए टेस्ट में शतकीय साझेदारी (109) की थी।अधिकारी 81 रन बनाकर नाबाद रहे और आखिरी बल्लेबाज गुलाम 50 रन बनाकर आउट हुए थे।भारत ने अपनी पहली पारी में 372 रन बनाए थे। इसके बाद पाकिस्तानी टीम 150 और 152 रन पर ढेर हुई थी।भारत ने वो मैच पारी और 70 रन से जीता था।

साल 2010 में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया टेस्ट ड्रॉ रहा था।हैदराबाद में हुए मैच में कीवी टीम ने अपनी पहली पारी में 350 रन बनाए थे। जवाब में मेजबान टीम ने 472 रन बनाते हुए बढ़त हासिल की थी।भारत को बढ़त दिलाने में हरभजन सिंह और श्रीसंत की अहम भूमिका रही थी। इस जोड़ी ने 105 रन (10वें विकेट) जोड़े थे।हरभजन 111 रन बनाकर नाबाद रहे थे और श्रीसंत ने 24 रन बनाए थे।

विश्व क्रिकेट में 10वें विकेट के लिए सर्वोच्च साझेदारी का रिकॉर्ड जो रूट और जेम्स एंडरसन के नाम दर्ज है। इस इंग्लिश जोड़ी ने 2014 में भारत के खिलाफ 198 रन जोड़े थे। रूट ने नाबाद 154 रन और एंडरसन ने 81 रन बनाए थे।

## बाबर आजम पिछली 17 टेस्ट पारियों में नहीं लगा सके एक भी अर्धशतक

**नईदिल्ली**

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के प्रमुख बल्लेबाज बाबर आजम का खराब फॉर्म जारी है। उन्होंने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में 30 रन बनाए।बल्लेबाजी के लिए मुफीद नजर आ रही मुल्तान की पिच पर वह बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहे।उन्होंने अपनी पारी में 71 गेंदों का सामना किया और वह क्रिस वोक्स का शिकार बने।आइए उनके खराब दौर के आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।

बाबर टेस्ट क्रिकेट में अपनी पिछली 17 पारियों में 50 या उससे अधिक रनों का स्कोर नहीं बना सके हैं।उन्होंने इन पारियों में 361 रन बनाए हैं, जिसमें 41 रन उनका सर्वोच्च स्कोर रहा है।उन्होंने दिसंबर 2022 में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ अपनी पिछली 50+ रन की पारी खेली थी।इसके बाद से उनके स्कोर क्रमश: 14, 24, 27, 13, 24, 39, 21, 14, 1, 41, 26, 23, 0, 22, 31, 11 और 30 रन रहे हैं।

पिछले साल उन्होंने 9 पारियों में 22.66 की औसत से 204 रन बनाए थे। उन्होंने 2023 में कोई अर्धशतक नहीं लगाया था।इस साल अब तक उन्होंने 4 टेस्ट की 7 पारियों में 20.42 की औसत से 143 रन बनाए हैं। इस बीच 31 रन उनका सर्वोच्च स्कोर रहा।साल 2022 में पाकिस्तान के पूर्व कप्तान ने 69.64 की औसत के साथ 1,184 रन बनाए थे। उस बीच उन्होंने 4 शतक और 7 अर्धशतक लगाए थे।

बाबर का इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट में शानदार प्रदर्शन रहा है। उन्होंने इस टीम के विरुद्ध अब तक 8 टेस्ट की 13 पारियों में 58.27 की उम्दा औसत के साथ 641 रन बनाए हैं।इस बीच उन्होंने 136 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 1 शतक और 6 अर्धशतक लगाए हैं।अपने अब तक के टेस्ट करियर में बाबर इंग्लैंड के खिलाफ 2 पारियों में नाबाद भी रहे हैं।

बाबर ने अपने टेस्ट क्रिकेट करियर में अब तक 55 मैचों में 44.35 की औसत से 3,992 रन बनाए हैं। इस बीच उनके बल्ले से 9 शतक और 26 अर्धशतक निकले हैं।इस प्रारूप में वह कोई दोहरा शतक नहीं लगा सके हैं और उनका सर्वोच्च स्कोर 196 रन है।वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के शुरुआती 2 चक्रों में पाकिस्तान की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे।

## आज का राशिफल

**मेष:** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग आपकी सहायता करेंगे। संतान पक्ष से आपको सुख मिलेगा। पिता का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा।

**वृष:** आज आपकी कई योजनाएँ समय से पूरी हो जायेंगी। परिवार को समय देने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। ऑफिस के काम को आज आप जल्द पूरा कर लेंगे। अपनी ऊर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा करें।

**मिथुन:** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज परिवार के साथ घर पर मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

**कर्क:** आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। संतान के साथ किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जाएंगे। किसी मामले को शांति से सुलझाने की कोशिश करे। शाम को दोस्तों के साथ अधिक समय बितायेंगे, उनके साथ भविष्य को लेकर विचार करेंगे।

**सिंह:** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। जरूरत से ज्यादा सोचने के कारण आपको उलझनों का सामना करना पड़ेगा। आपका सोशल नेटवर्क मजबूत बनेगा। संतान पक्ष से कोई खास खुशखबरी मिलेगी, घर में सभी लोग खुश होंगे।

**कन्या:** आज आपका दिन शानदार रहेगा। मेडिकल स्टोर वालो को आज उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे।

**तुला:** आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पडने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए।

**वृश्चिक:** आज आपके अधूरे कार्य पूरे हो जाएंगे। व्यापार को बढाने के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे। आप अपनी बातों को अपने पिता से जरूर शेयर करें, इससे जीवन में चल रही परेशानियो का हल मिलेगा।

**धनु:** आज नए कार्यों को करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा, आप किसी मंदिर जा सकते हैं जहां आपको खुशी मिलेगी। करियर में आप नये आयाम स्थापित करेंगे।

**मकर:** आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। आप नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच करेंगे, आपकी कोशिशों में कुछ न कुछ कमी आ सकती है। जीवनसाथी के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा।

**कुंभ:** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कार्यो से आपको फायदा होगा। कारोबार में पैसा लगाने के बारे में सोचेंगे, बड़ो की राय बेहतर साबित होगी। सामाजिक कार्यों में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा।

**मीन:** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपके जरूरी कार्य पूरे हो सकते हैं। किसी रिश्तेदार से आपको कोई अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे।

## सिंघम अगेन का ट्रेलर जारी, अर्जुन कपूर और अजय देवगन के बीच देखने को मिली भिड़ंत

अजय देवगन, रणवीर सिंह अक्षय कुमार, अर्जुन कपूर जैसे सितारों से सजी सिंघम अगेन का ट्रेलर रिलीज हो गया है. ट्रेलर में अजय देवगन, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार का दमदार रोल देखने को मिला है. ट्रेलर ने फैंस और दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है.

रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स की आगामी फिल्म सिंघम अगेन का ट्रेलर रिलीज हो गई है. फिल्म का ट्रेलर काफी दमदार है. ट्रेलर में फिल्म की झलक को मॉर्डन रामायण की स्टोरी जैसा दिखाया गया है, जिसमें अजय देवगन- राम, करीना कपूर- सीता,



टाइगर श्रॉफ - लक्ष्मण, रणवीर सिंह- बजरंगबली, अक्षय कुमार- जटायु और अर्जुन कपूर को रावण का रोल अदा कर रहे है. वहीं, दीपिका पादुकोण लेडी सिंघम के अवतार में नजर आई है.

ट्रेलर की शुरुआत काफी दमदार है. बैकग्राउंड में संस्कृत के श्लोक और जय श्रीराम की धुन रोंगटे खड़े कर देने वाले हैं. वहीं, छत्रपति शिवाजी और जय मराठा के नारे से फिल्म में मराठी टच देखने को भी मिलेगा. ट्रेलर में एक्शन सीक्वेंस से लेकर म्यूजिक और डायलॉग तक सब कुछ दमदार है. दर्शकों और फैंस को सिंघम अगेन का दमदार ट्रेलर का पसंद आया है. अब, फैंस फिल्म की रिलीज को लेकर काफी एक्साइटेड हैं.

बीते रविवार को रोहित शेट्टी ने एक स्पेशल प्रोमो के साथ सिंघम अगेन के प्रोमो का एलान किया था. अपने दमदार वॉयज ओवर के साथ फिल्म मेकर ने बताया था कि फिल्म का ट्रेलर 7 अक्टूबर रिलीज होने वाला है.

## विक्की विद्या का वो वाला वीडियो का नया गाना जारी, सुनिधि चौहान ने गाया

पिछले काफी समय से राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी अपनी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो को लेकर चर्चा में हैं। यह पहला मौका है, जब दोनों कलाकार साथ काम कर रहे हैं।फिल्म के निर्देशन की कमान राज शांडिल्य ने संभाली है, वहीं भूषण कुमार इसके निर्माता हैं।अब निर्माताओं ने विक्की विद्या का वो वाला वीडियो का नया गाना सजना वे सजना जारी कर दिया है, जिसे सुनिधि चौहान ने दिव्या कुमार के साथ मिलकर गाया है।



सजना वे सजना गाने में अभिनेत्री और गायिका शहनाज गिल जबरदस्त डांस करती हुई नजर आ रही हैं। इस गाने में राजकुमार की भी झलक दिख रही है।विक्की विद्या का वो वाला वीडियो एक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है, जो 1990 के दशक में रेट्रो थीम पर आधारित है।

## कार्तिक आर्यन-विद्या बालन की भूल भुलैया 3 का ट्रेलर रिलीज पोस्टपोन!

कार्तिक आर्यन और विद्या बालन के साथ मिलकर अपनी आगामी फिल्म भूल भुलैया 3 का प्रमोशन शुरू कर दिया है.



प्रमोशन के बीच फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है. खबर है कि भूल भुलैया 3 का ट्रेलर रिलीज पोस्टपोन कर दिया गया है. भूल भुलैया 3 ट्रेलर 6 अक्टूबर को रिलीज होने वाला था. बताया जा रहा है कि कुछ आखिरी मिनट के बदलाव किए गए है, जिसके कारण ट्रेलर को रिलीज करने में समय लग रहा है.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भूल भुलैया 3 के मेकर्स ने अपना ट्रेलर रिलीज करने का फैसला किया था. हालांकि, उन्होंने इसे पोस्टपोन कर दिया है. मेकर्स सिंघम अगेन के ट्रेलर रिलीज के बाद भूल भुलैया 3 का ट्रेलर रिलीज करने का प्लान कर हैं. हालांकि भूल भुलैया 3 के ट्रेलर पर मेकर्स की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है.

उधर सोशल मीडिया पर फैंस भूल भुलैया 3 के ट्रेलर को लेकर सवाल करना शुरू कर दिए हैं. एक एक्स (पूर्व में ट्विटर) यूजर ने सवाल करते हुए पूछा है, ट्रेलर कहां है भूल भुलैया 3 का? वहीं, एक यूजर ने सवाल ने किया है, भूल भुलैया 3 ट्रेलर का क्या हुआ भाई? आज रिलीज होने वाला था ना? क्या सिंघम फिर से ट्रेलर के रिस्पॉन्स का इंतजार कर रहे हैं भूल भुलैया 3 के मेकर्स?. एक ने लिखा है, भूल भुलैया 3 का ट्रेलर नहीं आने वाला है क्या आज?


मेकर्स ने 9 दिन पहले यानी 27 सितंबर को भूल भुलैया 3 का टीजर लॉन्च किया था. टीजर से फैंस को पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है. रूह बाबा वर्सेज मंजूलिका की स्टोरी देखने के लिए फैंस और दर्शक फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.

अनीस बज्मी भूल की निर्देशित भूल भुलैया सीरीज की तीसरी किस्त के साथ सिनेमाघरों में धमाल मचाने के लिए तैयार है. फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ विद्या बालन ने वापसी किया है. फिल्म तृप्ति डिमरी भी हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक माधुरी दीक्षित भी नजर आ सकती हैं.

## शब्द सामर्थ्य- 202

**बाएं से दाएं**
1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**
1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 201 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

## सू-दोकू- 202

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.201 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |